अपने बच्चे के साथ काम करने के लिए

# किसी व्यक्ति का चयन करना

माता-पिता और देखभालकर्ता तथ्य-पत्र

SAFE Space

विकलाँगता-ग्रस्त बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए मिलकर काम करना

**जिन माता-पिता और देखभालकर्ताओं को एनडीआईएस से धन प्राप्त होता है, वे अपने बच्चे के लिए उपलब्ध धनराशि के एक हिस्से या फिर संपूर्ण धनराशि का स्वयं प्रबंधन करने का चयन कर सकते हैं। यदि आप स्वयं प्रबंधन करने का चयन करते/करती हैं, तो आप अपने बच्चों को इन सेवाओं को प्रदान करने वाले किसी संगठन के माध्यम से जाने की आवश्यकता के बिना ही कर्मियों को सीधे काम पर रख सकते/सकती हैं।**

यह और अधिक लचीलापन प्रदान करता है, परंतु इससे आपके लिए यह सुनिश्चित करने की अधिक जिम्मेदारी भी पैदा होती है कि वह व्यक्ति आपके बच्चे के साथ काम करने के लिए सुरक्षित और उपयुक्त है।

यह तय करने में कई बातें आपकी मदद कर सकती हैं कि क्या वह व्यक्ति आपके बच्चे के साथ काम करने के लिए उपयुक्त है या नहीं।

- यह सत्यापित करें कि उस व्यक्ति के पास एक वैध Working With Children Check है या नहीं। और अधिक जानकारी के लिए Working With Children Check सूचना-पत्र देखें

- उस व्यक्ति से उसके रेज़्युमे और योग्यताओं की प्रतियों के लिए पूछें। उस व्यक्ति के रेज़्युमे की समीक्षा करते समय उससे उसके कार्य-इतिहास में किसी भी अंतराल के बारे में अवश्य पूछें

- उस व्यक्ति से कम से कम दो संदर्भ देने के लिए कहें, जो आपको बच्चों और युवा लोगों के साथ काम करने के बारे में उस व्यक्ति की कुशलताओं और अनुभवों के विषय में जानकारी दे सकते हैं। यह सुनिश्चित करें कि कम से कम एक संदर्भ उस व्यक्ति का सबसे हाल ही का कार्य-नियोक्ता है। आप उस व्यक्ति से अन्य माता-पिताओं के संपर्क विवरण के लिए भी पूछ सकते/सकती हैं, जिन्होंने अपने बच्चे के साथ काम करने के लिए उस व्यक्ति को काम पर रखा था

- उस व्यक्ति से पूछें कि उसे ऐसा क्यों लगता है कि वह आपके बच्चे की विशिष्ट ज़रूरतों को पूरा कर सकता है और उससे ऐसे उदाहरण देने के लिए कहें जब उसने समान देखभाल की ज़रूरत वाले अन्य बच्चों और युवा लोगों के साथ काम किया है

उस व्यक्ति को एक परीक्षण अवधि के लिए काम पर रखें, ताकि आपको उसे अपने बच्चे के साथ काम करते हुए देखने का मौका मिल सके

## मैंने अपने बच्चे के साथ काम करने के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त किया है। मैं अपने बच्चे को सुरक्षित रखने में कैसे मदद कर सकता/सकती हूँ ?

जहाँ कहीं भी संभव हो, यह सुनिश्चित करें कि जब भी आपका बच्चा शौचालय में हो, उसे नहलाया जा रहा हो और कपड़े पहनाए जा रहे हों, तो वह आपकी सीधी दृष्टि में रहे

अगर आपका बच्चा उस कर्मी के साथ अकेले समय बिताता है, तो बिना बताए “स्पॉट चेक (काम की जांच)” करें

अगर आपका बच्चा उस कर्मी के साथ घर के बाहर समय बिताता है, तो यह सुनिश्चित करें कि आपको इस बात की जानकारी रहे कि आपका बच्चा कहाँ होगा और वह कब घर आएगा

उस कर्मी को दैनिक गतिविधियों का एक लॉग रखने के लिए कहें और यदि कोई भी समस्या पैदा हुई हो, तो उसके बारे में आपको जानकारी देने के लिए कहें

अपने बच्चे को यह समझाएँ कि उसके पास सुरक्षित रहने का अधिकार है

अपने बच्चे से उसके शरीर और शरीर के अंगों के लिए उचित नामों के बारे में बात करें

अपने बच्चे से इस बारे में बात करें कि उसे कौन छू सकता है और वह किन परिस्थितियों में उसे छू सकता है

अपने बच्चे को बताएँ कि अगर उसे असहज महसूस होता है, तो वह वयस्कों को ‘नहीं’ कह सकता है

अपने बच्चे को ऐसे पाँच भरोसेमंद वयस्कों की पहचान करने में मदद दें, जिनके साथ वह कोई चिंता होने पर बात कर सकता है

अपने बच्चे को यह समझाएँ कि उसे वयस्कों के लिए ऐसे किसी रहस्य को कभी नहीं बनाए रखना चाहिए, जो उसे परेशान या भयभीत करता है

SAFE Space

**Working With Children Check के बारे में और अधिक जानकारी के लिए**

माता-पिता और देखभालकर्ता सूचना निर्देशिका देखें, या Office of the Children's Guardian (बच्चों के अभिभावक कार्यालय) की वेबसाइट पर जाएँ:

**ocg.nsw.gov.au/working-children-check**

आप Working With Children Check हेल्पलाइन को

(02) 9286 7219 पर कॉल भी कर सकते/सकती हैं या फिर **check@ocg.nsw.gov.au** पर ईमेल भेजें।

www.ocg.nsw.gov.au/safespace

NSW GOVERNMENT

Office of the Children's Guardian